भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 388 का उत्तर

रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण हेतु निधि का आवंटन

388. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का तिरुवनंतपुरम रेल मण्डल के अंतर्गत दक्षिण रेलवे में मुनरोतुरुट्टू रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण करने का इरादा है, क्योंकि इस क्षेत्र में इसमें पर्यटन केंद्र बनने की क्षमता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने एन्झुकोन और कोट्टाराक्कारा सहित रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण हेतु और उनकी अवसंरचना तथा सुविधाओं के संवर्धन के लिए निधि आवंटित की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान कितनी निधि आवंटित की गई है; और

(घ) अनुमोदित परियोजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण हेतु निधि का आवंटन के संबंध में दिनांक 24.07.2024 को लोक सभा में श्री कोडिकुन्नील सुरेश के अतारांकित प्रश्न सं. 388 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): मनरोतुरुत्तु, एषुकोण और कोट्टारक्करा में प्रदत्त सुविधाओं का स्तर निर्धारित न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के मानदंडों से अधिक है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर स्टेशनों का उन्नयन/आधुनिकीकरण करना सतत एवं निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्यों को आवश्यकता के अनुसार पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन शुरू किया जाता है। बहरहाल, स्टेशनों के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए कार्य को स्वीकृति और निष्पादित के समय निचली श्रेणी के स्टेशनों की तुलना में उच्च श्रेणी के स्टेशनों को प्राथमिकता प्रदान की जाती है।

रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण/विकास एवं रखरखाव हेतु धन आवंटन का ब्यौरा क्षेत्रीय रेल-वार रखा जाता है, न कि राज्य-वार या स्टेशन-वार। यात्री सुविधाओं के लिए धनराशि की व्यवस्था आम तौर पर योजना शीर्ष-53 "ग्राहक सुविधाएं" के अंतर्गत की जाती है। पिछले तीन वर्षों के दौरान योजना शीर्ष-53 'ग्राहक सुविधाएं' के अंतर्गत दक्षिण रेलवे को आवंटित धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:-

(करोड़ रुपये में)

क्षेत्रीय रेल	2021-22	2022-23	2023-24
	आवंटन	आवंटन	आवंटन
दक्षिण रेलवे	218.22	436.90	1081.17

*****